दिन– शनिवार दिनांक– 13 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया के इमामगंज में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

02. निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तैयारियों के तहत बिहार समेत देशभर के साढे तीन सौ से अधिक चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक।

03. आम चुनाव के विभिन्न चरणों में मतदान से बहत्तर घंटे पूर्व भारत–नेपाल सीमा होंगी सील। आपात स्थिति में ही वाहनों के आवागमन की मिलेगी अनुमति।

04. और, लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर प्रचार अभियान जोरों पर है। एनडीए और महागठबंधन समेत कई दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया जिले के इमामगंज में औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्य मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी आज औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत कई स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करने के साथ ही रोड शो करेंगे। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज जमुई, गया और मुंगेर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी भी उनके साथ उपस्थित रहेंगे। इधर, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल जमुई में एनडीए समर्थित लोजपा, रामविलास के उम्मीदवार अरूण भारती के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर के उधमपुर में एक चुनावी सभा में कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुये कहा कि कुछ लोग सावन और नवरात्र के दौरान भी मांस–मछली का सेवन करते हैं। इसका वीडियो बनाकर जारी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश का कानून किसी को कुछ भी खाने से नहीं रोकता है। सब की अपनी स्वतंत्रता है, लेकिन ये लोग वीडियो जारी कर अपनी

मुगल मानसिकता से लोगों को चिढ़ाते हैं। श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दल अपना वोट बैंक पक्का करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

———बाईट———

गौरतलब है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन तेजस्वी प्रसाद यादव ने हेलीकॉप्टर पर मछली खाते हुये एक वीडियो शेयर किया था। वहीं, बीते सावन के महीने में दिल्ली में मीसा भारती के घर पर लालू प्रसाद का मटन बनाते हुये एक वीडियो राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया था।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तैयारियों के तहत बिहार समेत देशभर के साढे तीन सौ से अधिक चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्नीस अप्रैल को इक्कीस राज्यों की एक सौ दो संसदीय सीटों पर चुनाव होगा। इस चरण में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए आयोग ने एक सौ सत्ताईस सामान्य, सड़सठ पुलिस और एक सौ सड़सठ व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। राज्य में सभी चालीस सीटों के लिए अस्सी पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गयी है। मतदान से बहत्तर घंटे पूर्व दोनों देशों की सीमाओं को सील कर दिया जायेगा। केवल आपात स्थिति में ही वाहनों के आवागमन की अनुमति दी जायेगी। पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल में भारत और नेपाल के उच्च अधिकारियों की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिये गये। इसके साथ ही नेपाल से भारतीय सीमा में आने वाले नागरिकों को आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान वरिष्ठ और दिव्यांगजनों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की है। इसके तहत पच्चासी वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता और चालीस प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले व्यक्ति, घर से मतदान की सुविधा का विकल्प चुन सकते हैं। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में राज्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि इस श्रेणी के मतदाताओं ने पहले और दूसरे चरण के मतदान के तहत वोट डालना शुरू कर दिया है।

———बाईट———

गौरतलब है कि घर से मतदान के लिए देशभर में पच्चासी वर्ष से अधिक आयु वर्ग के इक्यासी लाख और नब्बे लाख दिव्यांग मतदाताओं ने अपना पंजीकरण कराया है।

———————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य अहमद अशफाक करीम ने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने उन्हें कटिहार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने का वादा किया था, लेकिन यह सीट कांग्रेस को दे दी गयी है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने यहां से तारीक अनवर को उम्मीदवार बनाया है।

———————————————————————————————

पूर्णियां लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के खिलाफ केहाट थाना में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, गोपालगंज जिले के फुलवरिया थाना में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हरिहरा गांव के चन्द्रहास राय के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————————————————

खगड़िया जिले के करूआ मोड़ के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से दस लाख रूपये जब्त किये हैं।

———————————————————————————————

और अब पेश है— लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण के तहत पच्चीस मई को मतदान होगा। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। जगह—जगह से पोस्टर—बैनर हटा दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

———बाईट—जिलाधिकारी—1———

जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार के चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट—जिलाधिकारी—2———

पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नये मतदाताओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह है।

———बाईट—वोटर———

इधर, राजनीतिक दलों ने भी क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार।

———————————————————————————————

और अब बात चैती छठ की।

———म्यूजिक———

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे। आज शाम व्रती भगवान भास्कर को खीर का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद छठ व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। पन्द्रह अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय इस महापर्व का समापन हो जायेगा। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया है कि देव सूर्य मंदिर में चैती छठ पूजा को लेकर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इधर, पटना जिले में दानापुर से पटना सिटी तक तिरपन गंगा घाटों पर अर्घ्य अर्पित करने की तैयारी की जा रही है। महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। कल दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक अशोक राजपथ पर व्यावसायिक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को चैती छठ की बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्री आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व हमें जीवन में आत्मसंयम और अनुशासन बनाये रखने की प्रेरणा देता है।

———————————————————————————

चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन आज देवी दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा—अर्चना की जा रही है। ऐसी मान्यता है कि माता के इस स्वरूप की पूजा करने से बुद्धि और विवेक में वृद्धि होती है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा—अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

———————————————————————————

प्रदेश के मिथिला क्षेत्र में आज सतुआनि का पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन लोग जौ और चने का सत्तू के साथ ही आम का टिकोले की चटनी का सेवन करते हैं। वहीं, कल जुड़ शीतल का पर्व मनाया जायेगा।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज मधुबनी, अररिया, सुपौल और सहरसा जिले में कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश हुई

है। अररिया के नरपतगंज में सबसे अधिक अठारह दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, कैमूर जिले के अधौरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सीकरवार गांव में बारिश के दौरान वज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गयी। दूसरी तरफ पिछले दो दिनों से हुई हल्की बारिश से राज्य का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की सम्भावना व्यक्त की है। इसके बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

बांका जिले के धोरैया थाना क्षेत्र के अहिरो गांव में बम बनाने के दौरान एक घर में विस्फोट से चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान देर रात एक बच्चे की मौत हो गई।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वारिसलीगंज में चुनावी सभा को बड़ी खबर बनाया है। अखबार ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– जब भी मौका मिला लालू ने परिवार को बढ़ाया।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच विवाद और गहराया।

प्रभात खबर बिहार पुलिस दीक्षांत परेड समापन समारोह पर लिखता है– सूबे को मिले उन्नीस सौ तीन एसआई। इनमें सात सौ दो महिलाएं शामिल।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया के इमामगंज में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

02. निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तैयारियों के तहत बिहार समेत देशभर के साढे तीन सौ से अधिक चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक।

03. आम चुनाव के विभिन्न चरणों में मतदान से बहत्तर घंटे पूर्व भारत–नेपाल सीमा होंगी सील। आपात स्थिति में ही वाहनों के आवागमन की मिलेगी अनुमति।

04. और, लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।